दिनांक: 18.01.2025 समय: 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री- संपत्ति कार्ड

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रदेश के 15 लाख 63 हजार से अधिक हितग्राहियों को ई-वितरण कार्यक्रम में सम्पत्ति कार्ड वितरित किए। प्रधानमंत्री ने सम्पत्ति कार्ड लाभार्थियों के साथ वर्चुअल संवाद भी किया। इस दौरान श्री मोदी ने कहा कि आज हमारी सरकार पूरी ईमानदारी से ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि जब हमारे पास जमीन के स्पष्ट नक्शे होंगे तो योजनाओं का क्रियान्वयन भी अच्छी तरह से होगा। उन्होंने कहा कि प्रॉपर्टी कार्ड से डिजास्टर मैनेजमेंट भी सही तरीके से होगा। श्री मोदी ने सिवनी के मनोहर से बातचीत की, जो स्वामित्व योजना के लाभार्थी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर भी संपत्ति कार्ड कार्यक्रम हुआ, जिसमें केन्द्रीय मंत्री, प्रदेश के मंत्री, सांसद और विधायकों ने सहभागिता की।

फिट इंडिया क्लब

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल 19 जनवरी को भोपाल में फिट इंडिया क्लब का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम में केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में 6 विभागीय खेल अधोसंरचनाओं

का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी किया जायेगा। यह देश का पहला फिट इंडिया क्लब है। इसमें व्यायाम, फिटनेस, खेल गतिविधियां एवं स्वास्थ्य सहित पोषण आहार संबंधी कार्यक्रम होंगे। वॉकिंग ट्रेक, योग एवं मेडिटेशन केन्द्र के साथ ओपन जिम, पारंपरिक खेल जोन, लाइब्रेरी एवं किड्स जोन का प्रावधान भी किया जा रहा है।

मोटी आई शुभंकर

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कुपोषण मुक्त झाबुआ के तहत 'मोटी आई' अभियान के शुभंकर को कल जारी किया। उन्होंने पदोन्नत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र एवं बैज पहना कर सम्मानित भी किया। झाबुआ में जिला स्तरीय संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुश्री भूरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है जिसमें बड़ी संख्या मे लगभग 12 हजार 670 से अधिक मिनी आंगनवाड़ियो का पूर्ण आंगनवाड़ी के रूप में उन्नयन किया गया है। उन्होंने बताया कि उदयपुर के चिंतन शिविर मे मोटी आई कान्सेप्ट की बहुत सराहना एवं प्रशंसा हुई।

स्वच्छ सर्वेक्षण

आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने आज नई दिल्ली में स्वच्छ सर्वेक्षण के 9वें संस्करण के लिए टूलकिट का उद्घाटन किया। स्वच्छ सर्वेक्षण के नए संस्करण- सुपर स्वच्छ लीग के तहत सबसे स्वच्छ शहरों के बीच एक प्रतियोगिता शुरू की गई है। मंत्रालय ने कहा कि यह लीग शहरों के बीच स्वच्छता के लिए साझा प्रतिबद्धता को दर्शाएगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान गुणवत्ता में सुधार लाने पर है।

मौसम

प्रदेश एक बार फिर बर्फीली हवाओं से ठिठुर गया है। आज भोपाल, सागर समेत 7 जिलों में शीतल दिन का अलर्ट है। टीकमगढ़, अशोकनगर और सेंधवा समेत प्रदेश के अधिकतर जिलों में सुबह कोहरा छाया रहा। सेंधवा में करीब 10 मीटर तो अशोकनगर में 50 मीटर के करीब विजिबिलिटी रही। नर्मदापुरम के हिल स्टेशन पचमढ़ी में पारे में 4 डिग्री की गिरावट हुई। यहां रात का पारा 6.2 डिग्री और नर्मदापुरम में 13.5 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, कड़ाके की ठंड का असर अब और भी बढ़ेगा क्योंकि बर्फीली हवा की रफ्तार बढ़ेगी। अगले 3 दिन प्रदेश में कोहरा छाया रहेगा।

संक्षिप्त समाचार

1- बालाघाट कलेक्टर ने कल नलजल योजना की समीक्षा बैठक के दौरान लंबित व अधूरे कार्य मार्च तक पूर्ण करने की हिदायत ठेकेदारों को दी।
2- नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी ने कल सतना जिले के नदना, बसुधा और डाम्हा में 6 करोड 62 लाख 23 हजार रूपये लागत के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण किया।
3- आगरमालवा जिले में मनाये जा रहे आनन्दोत्सव के तहत कल जिले के नलखेड़ा में बालक-बालिका वर्ग में आयोजित हुई कबड्डी और रस्साकशी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया।